Physical copy of the Notice, Postal Ballot Form and pre-paid business reply envelope are not being sent to the Members. Members who have not yet registered their e-mail addresses may register them in accordance with the process outlined in the Notice. Members holding shares as on the Cut-off Date who have not received the Notice may apply to the Company and obtain a copy thereof.

The Company has engaged NSDL to provide the remote e-voting facility to its Members. The process and manner of remote e-voting are detailed in the Notes forming part of the Notice. The remote e-voting facility will be available during the following period:

Commencement of e-Voting	**Wednesday, November 18, 2026 at 09:00 A.M. (IST)**
End of e-Voting	**Thursday, December 17, 2026 till 05:00 P.M. (IST)**

The remote e-voting facility will be disabled by NSDL thereafter, and voting shall not be allowed beyond the said date and time. Once a vote on a resolution is cast by a Member, he/she shall not be allowed to change it subsequently or cast the vote again.

The Board has appointed **Mr. Akshit Kumar Jangid (M. No.: FCS 11285, C.P. No.: 16300)**, Partner of M/s Pinchaa & Co., Company Secretaries, as 'Scrutinizer' to scrutinize the Postal Ballot process in a fair and transparent manner.

The Scrutinizer will submit his report to the Chairman or any person authorised by him after completion of scrutiny. The results will be declared within the statutory timeline by the Chairman & Managing Director or, in his absence, by the Company Secretary duly authorised by the Chairman, intimated to the stock exchanges and displayed, along with the Scrutinizer's Report, on the website of the Company **www.globalsurfaces.com** and on the NSDL website. The Resolutions, if passed by the requisite majority, shall be deemed to have been passed on the last date of e-voting, i.e., **December 17, 2026.**

For queries/grievances relating to remote e-voting, Members may refer to the Frequently Asked Questions ('FAQs') and e-voting user manual available at the 'Download' section of www.evoting.nsdl.com, call on **022-4886 7000,** or contact Ms. Pallavi Mhatre at evoting@nsdl.com. Postal address of NSDL: 3rd Floor, Naman Chamber, Plot C-32, G-Block, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai, Maharashtra – 400051.

For any grievances/queries connected with the Postal Ballot, including voting by electronic means, Members may contact the undersigned at e-mail id: **cs@globalsurfaces.com** or write to him at the Registered Office of the Company.

By Order of the Board of Directors of Global Surfaces Limited
Sd/-
Dharam Singh Rathore
Company Secretary & Compliance Officer
ICSI Mem. No.: A57411

Date: November 17, 2026
Place: Jaipur
Registered Office: Plot No. PA-10-006, Engineering and Related Industries SEZ, Mahindra World City, Tehsil-Sanganer, Jaipur, Rajasthan – 302037
Phone: 0141-7191000 | E-mail: cs@globalsurfaces.com

MV ELECTROSYSTEMS LIMITED

Regd.& Corp. Office: Plot No. 7, Site-2, 14/3
Mathura Road, Faridabad 121003 Haryana India
Ph.: 0129-2990297 | **Website:** www.mvelectrosystems.com
Email: cs@mvelectrosystems.com | **CIN:** U31401HR2009PLC140536

NOTICE OF POSTAL BALLOT

Notice is hereby given that:

NOTICE is hereby given that pursuant to the provisions of Sections 108 and 110 and other applicable provisions of the Companies Act, 2013, read with Rules 20 and 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Secretarial Standard on General Meetings (SS-2) and applicable circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs, the Company is seeking approval of its Members through Postal Ballot by way of remote e-voting only, in respect of the following Special Resolution

Special Resolution:

Revision in remuneration of Mr. Pankaj Rastogi (DIN: 11307172), Managing Director of the Company.

The Postal Ballot Notice along with the Explanatory Statement has been sent electronically to all Members whose e-mail addresses are registered with the Company/Registrar and Share Transfer Agent/Depositories and whose names appear in the Register of Members as on Friday, November 13, 2026, being the Cut-off Date.

The Postal Ballot Notice is also available on the Company's website at www.mvelectrosystems.com and on the websites of BSE Limited (www.bseindia.com) and National Stock Exchange of India Limited (www.nseindia.com).

The Company has engaged the services of Central Depository Services (India) Limited (CDSL) for providing the remote e-voting facility. The schedule for remote e-voting is as follows:

Particulars	Details
Cut-off Date	Friday, November 13, 2026
Commencement of remote e-voting	Wednesday, November 18, 2026 at 10:00 A.M. (IST)
Conclusion of remote e-voting	Thursday, December 17, 2026 at 05:00 P.M. (IST)

Members whose names appear in the Register of Members as on the Cut-off Date shall be entitled to cast their votes through remote e-voting. The remote e-voting facility shall be disabled by CDSL immediately after 05:00 P.M. (IST) on Thursday, December 17, 2026.

Members who have not registered their e-mail addresses are requested to register the same with the Company/Registrar and Share Transfer Agent/Depository Participants, as applicable, in accordance with the procedure mentioned in the Postal Ballot Notice.

The Board of Directors has appointed M/s. Taruna Kalra & Associates, Company Secretaries, as the Scrutinizer for conducting the Postal Ballot through remote e-voting in a fair and transparent manner. The results of the Postal Ballot shall be declared within two working days from the conclusion of the remote e-voting period and shall be available on the Company's website and communicated to the Stock Exchanges.

In case of any queries or issues regarding e-voting, members may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting manual available at CDSL website at www.evotingindia.com under help section. Members may also contact for any query or inconvenience or grievances if any, in voting through electronic mode to Company Secretary of the Company, having phone number 0129-2990297 or email at cs@mvelectrosystems.com or helpdesk.evoting@cdslindia.com or einward.ris@kfintech.com.

By Order of the Board
For **MV ELECTROSYSTEMS LIMITED**
Sd/-
Sourabh Bansal
Company Secretary & Compliance Officer

Place: **Faridabad**
Date: **September 18th, 2026**

हिंदुस्तान जिंक द्वारा राजस्थान में 80,000 करोड़ के विस्तार से हर वर्ष लगभग 12,000 करोड़ का राजस्व, 2 लाख से अधिक रोजगार के अवसर मिलेंगे

3 से 5 वर्षों में जिंक उत्पादन क्षमता बढ़कर 20 लाख टन प्रतिवर्ष और चांदी उत्पादन क्षमता 1,500 टन प्रतिवर्ष होगी

यह निवेश प्रदेश को वैश्विक धातु उद्योग का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम

बिज़नेस रेमेडीज

वेदांता समूह की कंपनी और विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने अपने निदेशक मंडल से 80,000 करोड़ के निवेश को मंजूरी मिलने की घोषणा की है। इस निवेश के माध्यम से कंपनी अगले 3 से 5 वर्षों में अपनी धातु उत्पादन क्षमता को दोगुना करेगी। इसके तहत जिंक उत्पादन क्षमता बढ़कर 20 लाख टन प्रतिवर्ष हो जाएगी, जो वैश्विक जिंक मांग का लगभग 15 प्रतिशत पूरा करने में सक्षम होगी। साथ ही, चांदी उत्पादन क्षमता भी बढ़कर 1,500 टन प्रतिवर्ष हो जाएगी।

यह निवेश राजस्थान के खनन एवं धातु क्षेत्र को नई मजबूती देगा। विस्तार योजना से राज्य को हर वर्ष लगभग 12,000 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। वेदांता समूह, जो राजस्थान का सबसे बड़ा निजी निवेशक है, अब तक राज्य में 1.5 लाख करोड़ का निवेश कर चुका है। यह नया निवेश समूह द्वारा राज्य में प्रस्तावित अतिरिक्त 1 लाख करोड़ के निवेश का हिस्सा है। इस परियोजना से 2 लाख से अधिक रोजगार के अवसर और 500 से अधिक एमएसएमई इकाइयों के विकास को बढ़ावा मिलेगा। हिंदुस्तान जिंक भारत में जिंक, लेड और सिल्वर का सबसे बड़ा तथा एकमात्र एकीकृत उत्पादक है। इस विस्तार के बाद कंपनी विश्व की सबसे बड़ी जिंक और चांदी उत्पादक कंपनी बन जाएगी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब वैश्विक बाजार में जिंक और चांदी की मांग लगातार बढ़ रही है और आपूर्ति में कमी बनी हुई है।

वर्ष 2002 में भारत सरकार के विनिवेश और उसके बाद वेदांता द्वारा अधिग्रहण के बाद कंपनी के जिंक उत्पादन में चार गुना और चांदी उत्पादन में 20 गुना से अधिक वृद्धि हुई है। कंपनी दुनिया के सबसे कम लागत वाले जिंक उत्पादकों में शामिल है और उसके पास 25 वर्षों से अधिक की माइन क्षमता



के साथ विश्व के दूसरे सबसे बड़े जिंक भंडार एवं संसाधन हैं। जिंक आधुनिक बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण धातु है। इसका उपयोग स्टील को जंग से बचाने, निर्माण, ऑटोमोबाइल और विनिर्माण क्षेत्रों में व्यापक रूप से किया जाता है। वहीं चांदी का उपयोग इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, सोलर पैनल, इलेक्ट्रिक वाहन, चिकित्सा उपकरण और नैनो टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में बढ़ रहा है। सीसा ऊर्जा भंडारण प्रणालियों, बैटरियों, रक्षा क्षेत्र और विकिरण सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कंपनी की प्रस्तावित उर्वरक निर्माण क्षमता भारत की खाद्य एवं उर्वरक सुरक्षा को भी मजबूत करेगी। इससे देश की विनिर्माण क्षमता बढ़ाने और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने में मदद मिलेगी।

हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के सीईओ अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि, 'हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड 2.0 हमारी विकास यात्रा का महत्वपूर्ण अध्याय है। राजस्थान में निवेश और माइंस, मिलों तथा स्मेल्टर्स की क्षमता बढ़ाकर हम देश की औद्योगिक प्रगति में योगदान देना चाहते हैं। यह परियोजना रोजगार सृजन, स्थानीय व्यवसायों के विकास और व्यापक औद्योगिक पारितंत्र को नई गति देगी।'

एचजेडएल 2.0 योजना तीन प्रमुख स्तंभों पर आधारित है - मल्टी-मेटल कंपनी के रूप में विस्तार, संचालन में सस्टेनेबिलिटी एवं सर्कुलर इकॉनॉमी को बढ़ावा, तथा भविष्य की तकनीकों और खनिज अन्वेषण में निवेश। कंपनी का कहना है कि ये प्राथमिकताएं आने वाले वर्षों में उसके विकास की दिशा तय करेंगी। हिंदुस्तान जिंक राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में जिंक इंडस्ट्रियल पार्क भी विकसित कर रही है, जो जिंक आधारित उद्योगों के लिए एक व्यापक मंच प्रदान करेगा। यह पार्क हजारों रोजगार अवसर सृजित करेगा और बड़े उद्योगों, एमएसएमई तथा नए उद्यमियों को व्यवसाय विकसित करने का अवसर देगा। यहां कंपनी के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और अनुसंधान सुविधाओं की मदद से नए उत्पादों और विशेष मिश्रधातुओं के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

कंपनी अपने परिचालन में सतत विकास को प्राथमिकता दे रही है। वर्तमान में उसकी लगभग 27 प्रतिशत ऊर्जा जरूरतें नवीकरणीय स्रोतों से पूरी हो रही हैं और वित्त वर्ष 2028 तक इसे 70 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य है। हिंदुस्तान जिंक ने 3.32 गुना जल सकारात्मकता हासिल की है और लगातार तीसरे वर्ष एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट में विश्व की सबसे सस्टेनेबल मेटल एवं माइनिंग कंपनी का दर्जा प्राप्त किया है। कंपनी इंटरनेशनल काउंसिल ऑन माइनिंग एंड मेटल्स की सदस्य बनने वाली पहली भारतीय खनन कंपनी भी है। उल्लेखनीय है कि 80,000 करोड़ के निवेश में पहले से स्वीकृत चरण-1 परियोजनाओं के साथ नए जिंक एवं लेड स्मेल्टर, सिल्वर रिफाइनरी तथा आवश्यक माइंस और मिल विस्तार शामिल हैं।

पहली छमाही में नीतू योशी लिमिटेड की कुल आय 29.2 फीसदी बढ़कर हुई 59.38 करोड़ रुपये, शुद्ध मुनाफा 12 करोड़ रुपये रहा



नीतू योशी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी हिमांशु लोहिया

जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज

देहरादून आधारित रेलवे और इंजीनियरिंग क्षेत्रों के लिए कस्टमाइज्ड फेरस मेटलर्जिकल उत्पादों का निर्माण करने वाली प्रमुख कंपनी नीतू योशी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही के लिए अपने अनऑडिटेड समेकित और स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम घोषित कर दिए हैं। समेकित आंकड़ों के अनुसार, पहली छमाही में कंपनी की कुल आय सालाना आधार पर 29.2 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ 59.38 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 45.96 करोड़ रुपये थी। इस दौरान कंपनी का परिचालन लाभ (एबिटा) सालाना आधार पर 6.5 प्रतिशत बढ़कर 15.93 करोड़ रुपये से 16.96 करोड़ रुपये दर्ज किया गया, जबकि कर पश्चात शुद्ध लाभ 4.0 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 11.54 करोड़ रुपये से बढ़कर 12.00 करोड़ रुपये हो गया। स्टैंडअलोन आधार पर भी कंपनी की कुल आय सालाना आधार पर 29.5 प्रतिशत बढ़कर 59.39 करोड़ रुपये, एबिटा 6.6 प्रतिशत बढ़कर 16.98 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 4.2 प्रतिशत बढ़कर 12.02 करोड़ रु. रहा।

वित्तीय परिणामों और व्यवसाय की प्रगति पर टिप्पणी करते हुए नीतू योशी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी हिमांशु लोहिया ने कहा कि, 'पहली छमाही के नतीजे व्यवसाय विस्तार, परिचालन सुदृढ़ीकरण और विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने पर कंपनी के निरंतर फोकस को दर्शाते हैं। उन्होंने बताया कि इस अवधि का एक प्रमुख घटनाक्रम 13 सितंबर 2026 से हरिद्वार के भगवानपुर स्थित नवस्थापित विनिर्माण संयंत्र (यूनिट 02) में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होना है, जिससे कंपनी की उत्पादन क्षमता लगभग दोगुनी होने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, कंपनी को हाल ही में 'फ्रिक्शन वेज' के लिए आरडीएसओ प्रोटोटाइप मंजूरी प्राप्त हुई है, जो रेलवे कंपोनेंट्स पोर्टफोलियो के विस्तार और भविष्य की खरीद निविदाओं में भाग लेने की पात्रता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कंपनी प्रोफाइल : वर्ष 2020 में स्थापित और देहरादून में मुख्यालय वाली नीतू योशी लिमिटेड एक आरडीएसओ प्रमाणित क्लास 'ए' फाउंड्री और मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग कंपनी है। उत्तराखंड के भगवानपुर (हरिद्वार) में दो आधुनिक संयंत्रों का संचालन करने वाली यह कंपनी एसजी आयरन, कास्ट स्टील, मैंगनीज स्टील और अलॉय कास्ट आयरन जैसे चार प्रमुख इंजीनियरिंग अलॉय में 0.5 किलोग्राम से लेकर 5,000 किलोग्राम तक के कस्टमाइज्ड सुरक्षा-महत्वपूर्ण कास्टिंग उत्पाद बनाती है। भारतीय रेलवे के लिए 28 से अधिक स्वीकृत उत्पाद श्रेणियों की आपूर्ति करने वाली इस कंपनी का पोर्टफोलियो बोगी व कपलर असेंबली, वैगन और कोच कंपोनेंट्स तक फैला हुआ है।

हैदराबाद में 95 कंपनियों की शानदार भागीदारी के साथ 'द BOJ शो' का भव्य शुभारंभ; आभूषण उद्योग की दिग्गज हस्तियों का लगा जमावड़ा

जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज

बिजनेस ऑफ ज्वेलरी (BOJ) द्वारा आयोजित B2B लग्जरी ज्वेलरी प्रदर्शनी 'द BOJ शो' का आज HICC नोवोटेल, हैदराबाद में भव्य शुभारंभ हुआ। प्रदर्शनी के पहले दिन देश-विदेश की 95 ज्वेलरी कंपनियों की भागीदारी ने आयोजन को शानदार शुरुआत दी। इस अवसर पर देश के आभूषण उद्योग की कई प्रतिष्ठित हस्तियां, प्रमुख कारोबारी, निर्माता, रिटेलर्स और विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि एक मंच पर नजर आए।

'द निज़ाम्स वॉल्ट' थीम पर आधारित इस आयोजन का उद्घाटन पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं रिबन कटिंग समारोह के साथ हुआ, जिसके साथ ही तीन दिवसीय प्रदर्शनी का औपचारिक आगाज किया गया।

इस अवसर पर इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (IGI) के ग्लोबल CEO एवं मैनेजिंग डायरेक्टर तेहमास्प प्रिंटर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में अविनाश गुप्ता, वाइस चेयरमैन, GJC; महेंद्र कुमार तायल, रीजनल चेयरपर्सन (साउदर्न), GJEPC; कैलाश चरण, प्रेसिडेंट, ट्विन सिटीज ज्वेलर्स एसोसिएशन, हैदराबाद; डॉ. चेतन कुमार मेहता, प्रेसिडेंट, ज्वेलर्स एसोसिएशन, बेंगलुरु; प्रवीण कुमार, सेक्रेटरी, ट्विन



सिटीज ज्वेलर्स एसोसिएशन, हैदराबाद; राजू अग्रवाल मंगोडीवाला, प्रेसिडेंट, ज्वेलर्स एसोसिएशन, जयपुर; राजीव जैन, चेयरमैन, जयपुर ज्वेलरी शो (JJS); अभिषेक अग्रवाल, , हैदराबाद; कुशल कुमार कंकारिया, PMJ Jewels; नवीन सांघी, एल. बजरंग प्रसाद एंड कंपनी; प्रतीक्षा प्रशांत, किशनदास एंड कंपनी; रेवती कांत, टाइटन कंपनी तथा संजय गुप्ता, संजय गुप्ता बाय तिबारुमल्स ज्वेलर्स सहित उद्योग की कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं।

देशभर से 95 कंपनियों की भागीदारी और उद्योग के शीर्ष प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने हैदराबाद के तेजी से उभरते ज्वेलरी व्यापारिक केंद्र के रूप में महत्व को भी रेखांकित किया। प्रदर्शनी के पहले ही दिन मिले उत्साहजनक प्रतिसाद से आने वाले दिनों में मजबूत कारोबारी गतिविधियों और नए व्यापारिक संबंधों की उम्मीद जगी है। इस अवसर पर गुंजन जैन, फाउंडर एवं एडिटर, बिजनेस ऑफ ज्वेलरी तथा द BOJ शो के आयोजक, ने कहा, 'हैदराबाद संस्करण को मिल रहा प्रतिसाद बेहद उत्साहजनक है। 95 कंपनियों और आभूषण उद्योग की कई प्रतिष्ठित हस्तियों को एक मंच पर लाना इस प्लेटफॉर्म के प्रति उद्योग के विश्वास को दर्शाता है। द BOJ शो का उद्देश्य केवल एक प्रदर्शनी आयोजित करना नहीं, बल्कि पूरे ज्वेलरी इकोसिस्टम को जोड़ना, सार्थक कारोबारी अवसर पैदा करना और उद्योग के विभिन्न वर्गों के बीच मजबूत संबंध स्थापित करना है।' द BOJ शो 17 से 19 नवंबर 2026 तक HICC नोवोटेल, हैदराबाद में आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन आभूषण उद्योग के लिए बिजनेस, नेटवर्किंग और लग्जरी अनुभव का एक विशिष्ट B2B मंच तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

2047 तक 600 मिलियन टन स्टील उत्पादन का लक्ष्य हासिल कर सकता है भारत : नवीन जिंदल

नई दिल्ली | एजेंसी

जिंदल स्टील लिमिटेड के चेयरमैन नवीन जिंदल ने मंगलवार को कहा कि भारत न केवल 2030-31 तक 300 मिलियन टन और 2047 तक 600 मिलियन टन स्टील उत्पादन क्षमता के लक्ष्य को हासिल कर सकता है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार और स्टील उद्योग के बीच बेहतर समन्वय के कारण देश में स्टील उत्पादन क्षमता विस्तार की रफ्तार पहले की तुलना में काफी तेज हुई है।

मीडिया से बातचीत में नवीन जिंदल ने कहा कि भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्टील उत्पादक देश है और यह उपलब्धि पिछले एक दशक में हुई तेज प्रगति को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पहले 100 मिलियन टन स्टील उत्पादन क्षमता तक पहुंचने में लगभग 78 वर्ष लगे, लेकिन पिछले 10 वर्षों में ही देश ने 100 मिलियन टन से अधिक अतिरिक्त क्षमता जोड़ी है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और सरकार की स्पष्ट औद्योगिक नीति का परिणाम है। नवीन जिंदल ने आगे कहा, कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि भारत एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बने और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य के तहत देश को 600 मिलियन टन स्टील उत्पादन क्षमता तक पहुंचाया जाए।' उन्होंने कहा कि 2047 में जब भारत स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब तक देश को 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और 600 मिलियन टन स्टील उत्पादन क्षमता वाला विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है। कोकिंग कोल आयात पर निर्भरता और अन्य चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर जिंदल ने स्वीकार किया कि उद्योग के सामने कच्चे माल की उपलब्धता, व्यापार, लॉजिस्टिक्स, वित्त, तकनीक, टिकाऊ उत्पादन और कौशल विकास जैसी चुनौतियां हैं।

GLOBAL SURFACES

ग्लोबल सर्फेसेस लिमिटेड

CIN: L14100RJ1991PLC073860

पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नंबर पीए-10-006, इंजीनियरिंग और रिलेटेड इंडस्ट्रीज सेज, महिंद्रा वर्ल्ड सिटी, तहसील-सांगानेर, जयपुर, राजस्थान - 302037 | फ़ोन: 0141-7191000

ई-मेल: cs@globalsurfaces.com | वेबसाइट: www.globalsurfaces.com

पोस्टल बैलट की सूचना

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 108 एवं 110, कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 एवं 22, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ('एमसीए') के सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल 2020 तथा उसके पश्चात जारी परिपत्रों, जिनमें नवीनतम सामान्य परिपत्र सं. 03/2025 दिनांक 22 सितंबर 2025 है (सामूहिक रूप से 'एमसीए परिपत्र'), सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक-2 ('एसएस-2'), सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 तथा अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार, **2 नवंबर 2026** के पोस्टल बैलट नोटिस ('नोटिस') में निर्धारित निम्नलिखित विशेष कार्य हेतु सदस्यों का अनुमोदन केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान ('रिमोट ई-वोटिंग') द्वारा पोस्टल बैलट के माध्यम से मांगा जा रहा है:

1. **श्री सुधीर बक्शी (डीआईएन: 00092322)** की कंपनी के गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में लगातार पाँच वर्षों के दूसरे कार्यकाल हेतु पुनर्नियुक्ति, जिसमें पचहत्तर वर्ष की आयु पूर्ण करने के पश्चात उनके निदेशक पद पर बने रहने का अनुमोदन भी सम्मिलित है – **विशेष संकल्प।**
2. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक **श्री मयंक शाह (डीआईएन: 01850199)** को 1 अप्रैल 2027 से 1 मार्च 2029 की अवधि हेतु देय पारिश्रमिक का अनुमोदन – **विशेष संकल्प।**

एमसीए परिपत्रों के अनुसार, कंपनी ने नोटिस एवं व्याख्यात्मक विवरण का प्रेषण **मंगलवार, 17 नवंबर 2026** को पूर्ण कर लिया है, जो केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (ई-मेल) से उन सदस्यों को भेजा गया है जिनके ई-मेल पते **शुक्रवार, 13 नवंबर 2026** ('कट-ऑफ तिथि') को कंपनी/आरटीए/ डिपॉजिटरी/ डिपॉजिटरी सहभागियों के पास पंजीकृत हैं। सदस्य केवल रिमोट ई-वोटिंग द्वारा मतदान कर सकते हैं तथा सहमति या असहमति केवल रिमोट ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से ही संप्रेषित की जाएगी। मतदान अधिकार कट-ऑफ तिथि को धारित इक्विटी शेयरों के आधार पर गिने जाएंगे। जो व्यक्ति कट-ऑफ तिथि को कंपनी का सदस्य नहीं है, वह इस नोटिस को केवल सूचना हेतु मानें।

नोटिस कंपनी की वेबसाइट **www.globalsurfaces.com,** बीएसई लिमिटेड (बीएसई) की वेबसाइट **www.bseindia.com** तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) की वेबसाइट **www.nseindia.com,** जहाँ कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं, एवं नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध है।

नोटिस की भौतिक प्रति, पोस्टल बैलट फॉर्म एवं पूर्व-भुगतान युक्त व्यावसायिक उत्तर लिफाफा सदस्यों को नहीं भेजा जा रहा है। जिन सदस्यों ने अभी तक अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, वे नोटिस में दी गई प्रक्रिया के अनुसार पंजीकृत करा लें। कट-ऑफ तिथि को शेयर धारण करने वाले जिन सदस्यों को नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है, वे कंपनी को आवेदन कर उसकी प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

कंपनी ने अपने सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराने हेतु एनएसडीएल की सेवाएं ली हैं। रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया एवं तरीका नोटिस के टिप्पणी खंड में विस्तार से दिया गया है। रिमोट ई-वोटिंग सुविधा निम्नलिखित अवधि में उपलब्ध रहेगी:

ई-वोटिंग प्रारंभ	**बुधवार, 18 नवंबर 2026 को प्रातः 09:00 बजे (भा.मा.स.)**
ई-वोटिंग समाप्त	**गुरुवार, 17 दिसंबर 2026 को सायं 05:00 बजे (भा.मा.स.) तक**

इसके पश्चात एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग सुविधा निष्क्रिय कर दी जाएगी तथा उक्त तिथि एवं समय के पश्चात मतदान की अनुमति नहीं होगी। किसी संकल्प पर सदस्य द्वारा मत डाले जाने के पश्चात वह उसे बाद में बदल नहीं सकेंगे और न ही पुनः मतदान कर सकेंगे।

बोर्ड ने **श्री अक्षित कुमार जांगिड़ (सदस्यता सं.: FCS 11285, सी.पी. सं.: 16300),** भागीदार, मेसर्स पिंछा एंड कंपनी, कंपनी सचिव, को पोस्टल बैलट प्रक्रिया की निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संवीक्षा हेतु 'संवीक्षक' नियुक्त किया है।

संवीक्षक संवीक्षा पूर्ण होने के पश्चात अपनी रिपोर्ट अध्यक्ष अथवा उनके द्वारा अधिकृत किसी व्यक्ति को प्रस्तुत करेंगे। परिणाम वैधानिक समयावधि के भीतर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, अथवा उनकी अनुपस्थिति में अध्यक्ष द्वारा विधिवत अधिकृत कंपनी सचिव द्वारा घोषित किए जाएंगे, स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किए जाएंगे तथा संवीक्षक की रिपोर्ट सहित कंपनी की वेबसाइट **www.globalsurfaces.com** एवं एनएसडीएल की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे। अपेक्षित बहुमत से पारित संकल्प ई-वोटिंग की अंतिम तिथि, अर्थात **17 दिसंबर 2026,** को पारित माने जाएंगे।

रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित किसी प्रश्न/शिकायत हेतु सदस्य www.evoting.nsdl.com के 'Download' खंड में उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ('FAQs') एवं ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल देख सकते हैं, **022-4886 7000** पर कॉल कर सकते हैं अथवा सुश्री पल्लवी म्हात्रे से **evoting@nsdl.com** पर संपर्क कर सकते हैं। एनएसडीएल का डाक पता: तीसरी मंजिल, नमन चैंबर, प्लॉट सी-32, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई, महाराष्ट्र - 400051।

पोस्टल बैलट से संबंधित, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान सहित, किसी शिकायत/प्रश्न हेतु सदस्य अधोहस्ताक्षरी से ई-मेल आईडी: **cs@globalsurfaces.com** पर संपर्क कर सकते हैं अथवा कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को लिखकर भेज सकते हैं।

दिनांक: 17 नवंबर 2026 | स्थान: जयपुर
पंजीकृत कार्यालय: Plot No. PA-10-006, Engineering and Related Industries SEZ, Mahindra World City, Tehsil-Sanganer, Jaipur, Rajasthan – 302037,
दूरभाष: 0141-7191000
ई-मेल: cs@globalsurfaces.com

निदेशक मंडल के आदेशानुसार,
ग्लोबल सर्फेसेस लिमिटेड के लिए
Sd/-
धरम सिंह राठौड़
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी
आईसीएसआई सदस्यता सं.: A57411

इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में भारत का नया रिकॉर्ड

पहली छमाही में 44 प्रतिशत बढ़कर 31.97 अरब डॉलर पहुंचा, स्मार्टफोन निर्यात 18.17 अरब डॉलर पर आया

नई दिल्ली/ बीआर न्यूज नेटवर्क।

भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात ने वित्त वर्ष, 2026-27 की पहली छमाही में मजबूत प्रदर्शन करते हुए नया रिकॉर्ड बनाया है। इस वित्त वर्ष के अप्रैल-सितंबर के दौरान देश का कुल इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का निर्यात 44 प्रतिशत बढ़कर 31.97 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 22.20 अरब डॉलर था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी साझा की। बयान में कहा गया है कि जहां स्मार्टफोन निर्यात भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात कहानी की सबसे बड़ी ताकत बना हुआ है, वहीं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में इससे भी तेज वृद्धि दर्ज की गई है, जो निर्यात टोकरी के व्यापक और विविध बनने का संकेत है।

इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात का सबसे बड़ा हिस्सा बना स्मार्टफोन : आंकड़ों के मुताबिक, स्मार्टफोन निर्यात अप्रैल-सितंबर, 2026 के दौरान 35.8 प्रतिशत बढ़कर 18.17 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 13.38 अरब डॉलर था। हालांकि स्मार्टफोन अब



भी इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात का सबसे बड़ा हिस्सा बने हुए हैं, लेकिन कुल निर्यात में उनकी हिस्सेदारी घटकर 60.3 प्रतिशत से 56.8 प्रतिशत रह गई, जिसका मुख्य कारण अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की तेज वृद्धि है।

इलेक्ट्रॉनिक घटकों और उपकरणों के निर्यात में भी तेजी से विस्तार : गैर-स्मार्टफोन इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में 56.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 8.81 अरब डॉलर से बढ़कर 13.79 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसके परिणामस्वरूप कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में इस श्रेणी की हिस्सेदारी बढ़कर 39.7 प्रतिशत से 43.2 प्रतिशत हो गई। इससे संकेत मिलता है कि भारत अब केवल स्मार्टफोन निर्माण और निर्यात तक सीमित नहीं है, बल्कि उच्च मूल्य वाले इलेक्ट्रॉनिक घटकों और उपकरणों के निर्यात में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

सबसे अधिक वृद्धि माउंटेड प्रिंटेड सर्किट बोर्ड के निर्यात में रही : सबसे उल्लेखनीय वृद्धि माउंटेड प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) के निर्यात में देखने को मिली। इस श्रेणी का निर्यात 63.3 मिलियन डॉलर से बढ़कर 2.10 अरब डॉलर हो गया, जो 3,219 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि है। इस उत्पाद के लिए सिंगापुर प्रमुख निर्यात गंतव्य रहा, जहां 1.87 अरब डॉलर का निर्यात हुआ। इसी तरह पॉप्युलेटेड या लोडेड प्रिंटेड सर्किट बोर्ड का निर्यात 304 प्रतिशत बढ़कर 864.1 मिलियन डॉलर पहुंच गया, जिसमें चीन सबसे बड़ा बाजार रहा।

नेटवर्क ट्रांसमिशन और रूटिंग उपकरणों का निर्यात भी हुआ दोगुना : नेटवर्क ट्रांसमिशन और रूटिंग उपकरणों का निर्यात भी लगभग दोगुना होकर 1.45 अरब डॉलर हो गया। इस क्षेत्र में हांगकांग, अमेरिका और नीदरलैंड प्रमुख गंतव्य रहे। वहीं मेमोरी इंटीग्रेटेड सर्किट्स का निर्यात 2,333 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 562.4 मिलियन डॉलर पर पहुंच गया, जबकि सॉलिड-स्टेट स्टोरेज डिवाइस का निर्यात 1,680 प्रतिशत बढ़कर 260.5 मिलियन डॉलर हो गया।

इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षमता में आ रहा है बदलाव : बयान के अनुसार, यह प्रदर्शन भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षमता में आ रहे बदलाव को दर्शाता है। उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं, वैश्विक कंपनियों के निवेश और आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण के प्रयासों का असर अब निर्यात आंकड़ों में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। सिंगापुर, चीन, हांगकांग और मलेशिया जैसे बाजारों में बढ़ती मांग भी भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को नई गति दे रही है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुणे में भारत फोर्ज की इकाई का दौरा किया

पुणे | बिज़नेस रेमेडीज। माननीय केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री, अमित शाह ने पुणे स्थित कल्याणी - भारत फोर्ज इकाई का दौरा किया, जो विश्व का सबसे बड़ा फोर्जिंग संयंत्र है। उनका स्वागत पद्म भूषण से सम्मानित भारत फोर्ज लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बाबा कल्याणी ने किया। गृह मंत्री ने भारत फोर्ज की 60वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्मारक पट्टिका का अनावरण किया। यह पट्टिका, कंपनी की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, नवोन्मेष और राष्ट्र निर्माण से जड़ी छह दशक की यात्रा को दर्शाती है। उन्होंने इस दौरे के दौरान फोर्जिंग लाइनों का निरीक्षण किया और कंपनी के नेतृत्व के साथ पिछले कुछ साल में हुई प्रगति पर चर्चा की, जिसमें आत्मनिर्भर भारत तथा सशक्त भारत, सुरक्षित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप, भारत की विनिर्माण और रक्षा क्षमताओं को मजबूती प्रदान करने में भारत फोर्ज की भूमिका पर बात-चीत हुई।